हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 15 दिसंबर 2024



# लाइन लॉस कम करने की कवायद, 28 सौ करोड़ की योजना पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने प्रदेश में लाइन लॉस को कम करने की कवायद चल रही है। राज्य के कई जिलों में 50 फीसदी से ज्यादा लाइन लॉस होता है। चाहकर भी इसे रोकने में कामयाबी नहीं मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को हर साल लाइन लॉस और बिजली चोरी से करीब दो हजार करोड़ का झटका लगता है।

यह झटका बिजली चोरी से ज्यादा लगता है। लाइन लॉस को कम करने और बिजली चोरी को रोकने की कवायद में पावर कंपनी ने 29 सौ करोड़ की योजना बनाई जिसे केंद्र सरकार से भी मंजूरी मिल गई है। सभी जिलों का टेंडर फाइनल होने के बाद कंपनी को सौ करोड़ बच भी रहे हैं। 2903 करोड़ का टेंडर 28 सौ करोड़ में फाइनल हुआ है। सभी जिलों में काम भी चल रहा है। जहां बीजापुर का काम पूरा हो गया है, वहीं नारायणपुर का काम भी पूरा होने वाला है। सबसे ज्यादा कवर्धा जिले में करीब 400 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। रायपुर के लिए 213 करोड़ की योजना है। अगले साल दिसंबर तक सभी स्थानों पर काम पूरा करने का लक्ष्य है।

- कवर्धा में खर्च होंगे सबसे ज्यादा 400 करोड़

खास खबर



देश भर में लाइन लॉस कम करने की कवायद में केंद्र सरकार जुटी है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की 2903 करोड़ की योजना को भी मंजूरी मिली है। इस योजना में केंद्र सरकार से 60 फीसदी पैसे मिलेंगे। 40 फीसदी खर्च पॉवर कंपनी करेगी।

योजना में लाइन लॉस कम करने के लिए जहां बिजली की लाइनों को छोटा किया जा रहा है, वहीं ट्रांसफार्मरों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है। इसी के साथ खुले तारों के स्थान पर केबल लगाने का काम हो रहा है ताकि तारों में होने वाली हुकिंग को रोका जा सके। हुकिंग करके ही प्रदेश के कई जिलों में बिजली चोरी की जाती है।

### कवर्धा में खर्च होंगे 4 सौ करोड़

योजना को पॉवर कंपनी ने 31 जिलों में वहां की जरूरत के हिसाब से बांटकर खर्च तय किया है। इसमें सबसे ज्यादा कवर्धा जिले के लिए 397.03 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। कवर्धा में बिजली चोरी के कारण लाइन लॉस ज्यादा होता है। जानकारों की मानें तो यहां पर आधी बिजली चोरी हो जाती है। कवर्धा के बाद सरगुजा में 255.39 करोड़ खर्च किए जा रहे है। यहां भी करीब 50 फीसदी बिजली चोरी होती है। सूरजपुर में 194.39 करोड़, बलरामपुर में 132.94 करोड़, कोरबा में 111.30 करोड़, राजनांदगांव में 182.74 करोड़ और रायपुर में 213.33 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं।

### नारायणपुर में सबसे कम खर्च

जिन जिलों में ज्यादा लाइन लॉस नहीं है वहां सौ करोड़ से भी कम खर्च होंगे। ऐसे जिलों में सबसे कम 2.64 करोड़ नारायणपुर में खर्च हो रहे हैं, यहां का काम लगभग पूरा होने वाला है। इसी तरह से 3.31 करोड़ का काम बीजापुर में हो गया है। इसके अलावा 11.19 करोड़ बालोद, 24.02 करोड़ गौरेला पेंड्रा, 39.78 करोड़ बस्तर, 71.00 करोड़ खैरागढ़, 58.63 करोड़ दुर्ग, 41.15 करोड़ बेमेतरा, 81.11 करोड़ गरियाबंद, 92.16 करोड़ बलौदाबाजार, 36.13 करोड़ जशपुर, 54.48 करोड़ कोरिया, 58.43 करोड़ जांजगीर चांपा, 56.64 करोड़ शक्ति, 33.44 करोड़ मुंगेली और 94.49 करोड़ सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खर्च किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन, 260 का पंजीयन

**रायपुर।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल द्वारा समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन भवन में तीन दिवसीय आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन शनिवार को किया गया। यह शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से लगाया गया था। इस शिविर में अभी तक 260 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जहां पर हाथ, पैर, कैलिपर्स, बैसाखी एवं कान की मशीन निशुल्क मरीज को पंजीयन कराकर उनकी जांच कर उन्हें निशुल्क कृत्रिम अंग का प्रत्यारोपण किया जाता है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी बसंत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में सियाराम अग्रवाल, अमर पारवानी, अमर बंसल, कन्हैया अग्रवाल, मंच के सदस्य एवं सभी अतिथि उपस्थित रहे।

### धान खरीदी पर पूर्व मंत्री कंवर ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**रायपुर।** पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को पत्र लिख कर राइस मिलरों के बकाया का जिक्र करते हुए भुगतान की मांग की है। उन्होंने समितियों में जमा धान के उठाव के लिए शासन और राइस मिलरों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की मांग की है, जिससे किसानों में पनप रहे आक्रोश का असर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में देखने को न मिले।

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दाल की बैठक रविवार को बुलाई गई है। विधायक दल के नेता डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे फाफाडीह चौक होटल सेलिब्रेशन में बैठक होगी। सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तैयार करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ सह प्रभारी जरिता लेफ्तलॉग, संपथ कुमार, विजय जांगिड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्वमंत्री रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिव कुमार डहरिया, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्वमंत्री सत्यनारायण शर्मा, मोहम्मद अकबर, अमितेश शुक्ल, पूर्वमंत्री कवासी लखमा उमेश पटेल अनिल भेड़िया, मोहन मरकाम, पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित सभी कांग्रेस विधायक उपस्थित रहेंगे।

### 71 मंडलों का किया गया इजाफा, अब प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल

# मंडलों में 3 नामों का पैनल तय, सर्वसम्मति से 17 से 19 तक बनाए जाएंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। बूथ कमेटियों के चुनाव के बाद अब मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके पहले नए मंडलों का भी गठन किया गया है।

प्रदेश संगठन ने राष्ट्रीय नेतृत्व से प्रदेश में मंडलों की संख्या बढ़ाने की मंजूरी मांगी थी, वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब नए मंडल बनाए गए हैं। प्रदेश में 71 नए मंडल बने हैं, ऐसे में अब प्रदेश में भाजपा के 476 मंडल हो गए हैं। इन सभी मंडलों में अध्यक्ष के लिए तीन-तीन नामों का पैनल भी तय हो गया है। प्रदेश के चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख के मुताबिक 17 से 19 दिसंबर तक सर्वसम्मति से एक नाम तय करके नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। कहीं भी चुनाव कराने की स्थिति होने की संभावना कम है।

छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभाओं में 24 हजार से ज्यादा बूथ हो गए हैं, लेकिन भाजपा के मंडलों की संख्या अब तक 405 ही थी, जबकि जिलों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। इस बार प्रदेश संगठन ने प्रदेश में संगठन चुनाव से पहले राष्ट्रीय नेतृत्व को मंडलों की संख्या में इजाफा करने का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब मंडलों की संख्या में इजाफा किया गया है।

- 17 से 19 दिसंबर तक सर्वसम्मति से एक नाम तय कर के नामों का होगा ऐलान
- कहीं भी चुनाव कराने की स्थिति होने की संभावना कम



### अब एक मंडल में 45 से 50 बूथ

मंडलों को बढ़ाने के लिए जो फार्मूला तय किया गया, उसमें सबसे अहम यह है कि अब एक मंडल के लिए बूथों की संख्या 45 से 50 हो गई है। पहले कई मंडलों में 80 से 100 या फिर इससे भी ज्यादा बूथ थे। जैसे राजनांदगांव के एक मंडल में सौ बूथ थे। अब उसको दो मंडलों में बांटा गया है। रायपुर शहर की चार विधानसभाओं में एक हजार से ज्यादा बूथ हैं, लेकिन यहां पर मंडल 16 थे, एक-एक मंडल में 80 से 90 बूथ थे। अब यहां पर 20 मंडल कर दिए गए हैं। ऐसे में अब एक मंडल में 45 से 50 बूथ हो गए हैं। नए मंडलों के गठन के कारण कुछ मंडलों के जिलों के साथ विधानसभा में भी बदलाव हो गया है। जैसे दुर्ग और भिलाई के कुछ मंडलों की विधानसभा के साथ जिले भी बदल गए हैं। इसी तरह से अन्य जिलों में भी परिवर्तन वहां पर मंडलों के परिसीमन के कारण हुआ है।

### तीन दिनों में तय होंगे मंडल अध्यक्ष

प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, राष्ट्रीय नेतृत्व से मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश संगठन ने मंडलों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया, ऐसे में मंडलों के चुनाव में भी अब 405 मंडलों के स्थान पर 476 मंडलों का चुनाव होगा। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना था, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे के कारण चुनाव की तिथि चार दिनों के लिए आगे बढ़ी है। अब मंडलों में 17 से 19 दिसंबर तक अध्यक्षों का चुनाव हो जाएगा। बीजापुर के पांच मंडलों और जांजगीर चांपा के दो मंडलों में अभी चुनाव नहीं हो पाएगा। इसी के साथ 16 दिसंबर से जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी

## प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर महिला कांग्रेस का मौन धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया। एक तरफ भाजपा सरकार जनादेश पर्व मना रही है, वहीं जनादेश को भाजपा सरकार ने अपमानित करते हुए पूरे प्रदेश को अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का अड्डा बना रखा है।

जिलों में हत्या, बलात्कार, बलवा और आगजनी के मामले आते ही जा रहे हैं और भाजपा सरकार इसे अपनी उपलब्धि मानकर जश्न मना रही है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार की असफलता के एक वर्ष पूर्ण होने पर आज महिला कांग्रेस ने प्रदेशभर में आंदोलन किया। भाजपा ने जनता के साथ जो वादे किए थे, उस पर छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, बलौदाबाजार, कवर्धा, सूरजपुर, इसके उदाहरण हैं, चाकूबाजी, मर्डर, दुष्कर्म, सामूहिक, लूटपाट, डाका, आम घटनाएं हो गई हैं। महिलायें प्रदेश में असुरक्षित हैं। इन आरोपों के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की विफलताओं को आईना दिखाते मौन धरना प्रदर्शन किया गया।

- भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं

## तीन साल की पढ़ाई में दो वर्ष का अध्ययन अवकाश

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले डाक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन साल की एमडी-एमएस, एमसीएच,डीएम की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा सेवारत स्नातक अभियार्थियों को दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किए जाने के मामले में डाक्टरों ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात की है। हवाला दिया गया है कि एक साल के अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। जबकि मध्यप्रदेश ओडिशा द्वारा उच्च अध्ययन के लिए तीन साल का अवकाश दिया जाता है।

जूनियर डाक्टर फेडरेशन ने रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें तर्क दिया है कि विभिन्न अस्पतालों में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी पीजी की पढ़ाई पूरी होने के बाद अनुबंध अवधि की ड्युटी पूरी करते हैं। इसके बाद भी उन्हें दो साल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जाता है और एक वर्ष को असाधारण अवकाश माना जाता है। तर्क दिया गया है कि एक वर्ष अवैतनिक अवकाश के दौरान उन्हें आर्थिक समस्या से जूझना पड़ता है। अन्य राज्यों में चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए तीन साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है। उन्हें यह भी बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अनुमोदन के बाद भी विभागीय फाइल वित्त विभाग के पास अटकी हुई है। रमन सिंह से निवेदन किया गया है कि वे हस्तक्षेप उन्हें तीन साल का अध्ययन अवकाश दिलाएं। चिकित्सा छात्रों की समस्या को सुलझाने में रमन सिंह ने शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है। विधान सभा अध्यक्ष से मुलाकात करने वाले में डाक्टर फेडरेशन के डॉ. हीरा सिंह, सचिव गंधर्व पांडे, डॉ. विकास जैन एवं डा. सुषमा शामिल थी।

## युवाओं को साइबर सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

### साइबर जागरूकता ही सुरक्षा का उपाय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच रायपुर चैप्टर द्वारा साइबर युद्ध और साइबर योद्धा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गोलोक बिहारी राय ने कहा, वर्तमान परिदृश्य के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियां जैसे धोखाधड़ी, फेक न्यूज, गलत सूचना और साइबर बुलिंग से भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरा तथा सामान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राओं खासकर युवाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस तरह के खतरों से सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच लगातार प्रयास कर रहा है। कार्यशाला के अतिविशिष्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा कि साइबर सुरक्षा से जुड़ी सुरक्षात्मक प्रक्रियाओं में फ़ायरवॉल, नेटवर्क डिटेक्शन और रिस्पॉन्स (एनडीआर) और एंडपॉइंट डिटेक्शन और रिस्पॉन्स (ईडीआर) शामिल हैं। मुख्य वक्ता पूर्व डीजी आरके विज ने साइबर सुरक्षा से जुड़े उपायों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बीज वक्ता एनआरटीओ के पूर्व निदेशक आलोक विजयंत, मंच के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वर्णिका शर्मा, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच तथा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद उपस्थित थे। कार्यक्रम में रायपुर चैप्टर छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष तौकीर रजा ने उद्घाटन एवं स्वागत भाषण देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच एफएएनएस पूरे देश भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा पर जनजागरण का कार्य कर रहा है।

रायपुर नगर निगम के 3 प्रोजेक्ट के लिए जारी होगा बांड, प्राइवेट पार्टी के लिए पहली बार निगम बांड

## जनवरी के अंत तक आएगा 100 करोड़ का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदौर नगर निगम की तर्ज पर अब रायपुर में भी आय बढ़ाने और व्यय घटाने का इंतजाम रायपुर नगर निगम करने जा रहा है। इसके लिए जनवरी के अंत तक नगर निगम 100 करोड़ रुपए का म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। 3 प्रोजेक्ट के लिए यह ओपन बांड होगा, जिसमें बांड खरीदने वालों को नगर निगम 8 से 9 फीसदी ब्याज भी देगा। बांड का निवेश ऐसे प्रोजेक्ट पर किया जाएगा, जिससे नगर निगम की आय बढ़े। शनिवार को म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करने की तैयारी को लेकर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मुंबई और इंदौर के फर्मों के चार्टर्ड एकाउंटेंट से चर्चा की।

नगर निगम अपनी आय बढ़ाने अब म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करेगा। नगर निगम के 3 व्यावसायिक प्रोजेक्ट के लिए यह बांड जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसमें समता कालोनी स्थित नगर निगम के भैंसथान की जमीन पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट, मालवीय रोड स्थित नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग पर



व्यावसायिक परिसर निर्माण और पंडरी के क्रिस्टल आर्किड के पास स्थित जमीन पर प्रस्तावित प्रोजेक्ट शामिल है। इसमें 40, 40 करोड़ और 20 करोड़ के प्रोजेक्ट को लेकर म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी करने की योजना है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी किए जाने की तैयारी के संबंध में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने गांधी सदन में मुंबई के पीआरपी प्रोफेशनल एज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष गौरव कुटे और इंदौर के मुकुल एंड गुप्ता चार्टर्ड एकांउटेंटस संतोष मुच्छाल के साथ चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली। साथ ही इस कार्य को गतिमान करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, कृष्णा खटिक, संयुक्त संचालक वित्त डीके निर्मलकर, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में मुंबई और इंदौर के फर्मो के प्रतिनिधियों से चर्चा की और रायपुर नगर निगम की ओर से म्यूनिसिपल ग्रीन बांड जारी किये जाने के संबंध में तैयारी को लेकर विमर्श किया।

**लोक सूचना**

मैं, अधिवक्ता सूर्यप्रताप युद्धवीर सिंह, 4, तिवारी चाल, राजेन्द्र नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एतद द्वारा हमारे पक्षकार श्री कौशलेन्द्र @ कौशल कुमार शर्मा (चार्टर्ड अकाउंटेंट) आत्मज श्री रामजीवन शर्मा, जैनब मेंशन, प्रथम तल, बाँस टाल, रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर से अधिकृत होकर सर्व साधारण को यह सूचित करते हैं कि, हमारे पक्षकार के संयुक्त परिवार की निम्नांकित भू-सम्पदाएं: - (1) प.ह.न. 00016 ग्राम- झांकी, रा.नि.मं.- केंद्री, तहसील- अभनपुर, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़ के खसरा नम्बर 410/5, रकबा 0.0050 हे., खसरा नंबर - 410/4, रकबा 0.2200 हे. एवं खसरा नंबर 410/5, रकबा 0.0100 हे. कुल 00.2350 हे. (2) प. ह. न. 25 ग्राम कल्याणपुर, तहसील- बागबाहरा, जिला- महासमुंद (छ.ग.), के खसरा नं. 65/1 रकबा 0.057 हेक्टेयर। हमारे पक्षकार श्री कौशलेन्द्र @ कौशल कुमार शर्मा की पत्नि श्रीमती नीलम शर्मा के नाम पर दर्ज हैं जो वर्तमान में मकान नम्बर 194- मेट्रोग्रींस, भवन्स स्कूल के सामने, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़ में निवास करती हैं। किन्तु उक्त सारी संपत्तियां हमारे पक्षकार श्री कौशलेन्द्र @ कौशल कुमार शर्मा द्वारा उनकी स्वर्जित आय से को अपने पूरे परिवार के हित के लिए क्रय किया गया था किन्तु शासन की कल्याणकारी कर लाभ योजनाओ के परिप्रेक्ष्य में भूमियों के पंजीकृत विक्रय-पत्र का पंजीयन अपनी पत्नि श्रीमती नीलम शर्मा के नाम पर कराया गया है, किन्तु श्रीमती नीलम शर्मा उक्त संपत्तियों की पूर्ण स्वामिनी नहीं हैं अतएव उन्हें स्वेच्छा से उक्त संपत्तियों का विक्रय करने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। एवं तत्सम्बंध में व्यवहार न्यायालय में वाद स्थापित किए गए हैं अंतः कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त संपत्तियों के सम्बन्ध में श्रीमती नीलम शर्मा के साथ उक्त संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई लेन-देन अथवा आर्थिक संव्यवहार न करे अन्यथा ऐसा संव्यवहार संपत्ति अंतरण अधिनियम की धारा 52 के अंतर्गत शून्य एवं निष्फल होगा।

भवदीय
अधिवक्ता सूर्यप्रताप युद्धवीर सिंह
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय
मोबाइल नम्बर: 9685247594
ईमेल- advocate.suryapratapsingh@gmail.com

## चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक 17 को, श्रीचंद ने बैठक पर जताया ऐतराज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्य समिति की बैठक 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बांबे मार्केट स्थित चैंबर सभाभवन में आयोजित की गई है। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी ने बैठक में प्रदेश के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आमंत्रित किया है। वहीं पूर्व चैंबर अध्यक्ष और विधायक रहे श्रीचंद सुंदरानी ने बैठक को असंवैधानिक करार देते हुए कहा है, बैठक को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। इस पर चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने दो टूक शब्दों में कहा है कि हम व्यापारी हित में एवं संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप संविधान के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक के संबंध में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक 17 दिसंबर को आयोजित होने जा रही है। बैठक से पहले व्यापारी एकता पैनल से पूर्व चैंबर अध्यक्ष और पूर्व विधायक रहे श्रीचंद सुंदरानी ने चैंबर की बैठक को असंवैधानिक बताते हुए कहा है कि पिछली कार्यसमिति में चुनाव की घोषणा कर चुनाव अधिकारी की घोषणा कर दी गई है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की बैठक एक्ट के अनुसार वैध नहीं होगी। चैंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने 17 दिसंबर को बुलाई गई प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक को संविधान के अनुरूप बताते हुए कहा है कि हम व्यापारी हित में संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप और संविधान के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

*हरिभूमि ने की प्रत्यक्षदर्शियों से बात, कहा जा रहा है आरोपी मृतक मानसिक रूप से था परेशान*








# दो सिलेंडर में से एक छत से टकराकर फटा, एक से बेजुबान कुत्ते की आंख फूटी, बच्ची भी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के भनपुरी स्थित रामेश्वर नगर में हुई आगजनी की घटना में दो सिलेंडर फटे हैं। इनमें एक सिलेंडर किचन में चालू था, वहीं दूसरा सील पैक था। जिस समय घर में मृतक ने आग लगाई, उससे पहले चालू सिलेंडर आग की लपटों में आने से फटा। इसके बाद सील पैक सिलेंडर फटा। सिलेंडर का विस्फोट इतना तेज था कि एक सिलेंडर हवा में उड़कर छत से टकराने के ▶▶|शेष पेज 16 पर

### मवेशी और कुत्ता भी झुलसे

आग इतनी भयंकर लगी थी कि इस घटना के दौरान गली में बैठी एक गाय का बछड़ा और एक आवारा कुत्ता भी बुरी तरह से झुलस गए। आग की लपटों से बछड़ा के सारे बाल जल गए हैं और उसके शरीर में कई जगह घाव बन गए है। इसी तरह आवारा कुत्ता के बाल भी जल गए हैं, वहीं उसकी दोनों आंखे भी झुलस गई है। एक आंख खराब भी हो गई है।

### डेढ़ साल से पत्नी से अलग रहता था मृतक

मृतक के पड़ोसी उमेश पांडेय ने बताया कि अमरेश्वर करीब डेढ़ साल से अपनी पत्नी से अलग होकर मनेंद्रगढ़ में रह रहा था। मृतक मूलतः मनेंद्रगढ़ का ही रहने वाला है। करीब 5 साल पहले वह अपनी पत्नी को लेकर रायपुर आया था। पेशे से अमरेश्वर कार श्रृंगार सामग्री का कारोबार करता था। ▶▶|शेष पेज 16 पर

### फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मदद से बुझाई गई आग

आग रात करीब 10 बजे लगी थी, लेकिन सूचना मिलने के बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मौके पर पहुंचने तक करीब एक घंटा लग गया। इसके बाद आग बुझाने का काम रात करीब एक बजे तक चला। आग इतनी भयंकर थी कि इस पर काबू पाने के लिए दो गाड़ी को बुलाना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### पर्स छीनकर भागा आरोपी 5 साल बाद गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने पर्स छीनकर फरार हुए एक आरोपी को करीब 5 साल बाद गिरफ्तार किया है। प्रार्थी महेंद्र पांडेय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 मार्च 2019 को तेलीबांधा चौपाटी से



भारत माता चौक के बीच पल्सर वाहन सवार दो अज्ञात व्यक्ति उसके हाथ में रखा पर्स छीनकर फरार हो गए थे। पर्स में मोबाइल, एटीएम व पैन कार्ड रखे हुए थे। पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों को तलाश कर रही थी। पुलिस ने जांच करते हुए आरोपियों में एक की राहुल द्विवेदी निवासी रामानुज नगर, बाजारपारा जिला सूरजपुर के रूप में पहचान की। इसके आधार पर राहुल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर राहुल ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि इस वारदात को उसने अपने साथी पंकज कौशल के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पंकज के बारे में पड़ताल की गई तो पता चला कि वह धारा 376 के प्रकरण में जेल में है। पुलिस उसके विरुद्ध इस मामले में अलग से कार्रवाई करेगी।

### दो आरोपियों को साइबर क्राइम ने किया गिरफ्तार

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, 175 करोड़ के ट्रांजेक्शन, दो करोड़ रुपए होल्ड किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कराने के नाम पर ठगी करने वाले दिल्ली के दो ठगों को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों ठगी के पैसों को यूएस डॉलर में कनवर्ट करने के बाद हांगकांग और थाईलैंड की कंपनियों को भेजा करते थे। पुलिस ने इन ठगों से हांगकांग और थाईलैंड भेजे गए 102.4 करोड़ रुपए का इनवॉइस जब्त किया है। इसके साथ आरोपियों के बैंक खातों में 175 करोड़ रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है, वहीं 2 करोड़ रुपए से अधिक रकम बैंक खाता में होल्ड की गई है।

पुलिस कंट्रोलरूम में इस मामले का खुलासा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं, जिनमें पवन कुमार 40 वर्ष थर्ड फ्लोर, आरजेड 74 गुरु हरकिशन नगर मटियाला एक्सटेंशन उत्तम नगर एवं गगन दीप 44 वर्ष 43/58ए ▶▶|शेष पेज 16 पर

## पैसों को यूएस डॉलर में कन्वर्ट कर भेजते थे हांककांग-थाईलैंड

### आधार कार्ड का पता बदलकर बनाई फर्जी कंपनी और खोले 30 प्लेटिनम अकाउंट

इस मामले में जांच करते हुए साइबर क्राइम को पता चला कि जिन लोगों ने डाक्टर के साथ ठगी की है, वे दोनों रायपुर आए थे और यहां आकर अपने आधार कार्ड के रायपुर पते को बदलवाए और उसी पते के आधार पर दोनों ने फ्रिज टैक सोल एवं जीपी इंटरप्राइजेस नाम से फर्जी कंपनी बनाई। इन कंपनियों के नाम पर अलग-अलग बैंकों में 30 प्लेटिनम अकाउंट खोले। इसके अलावा 11 अन्य अकाउंट खाते भी मिले हैं।



### कई राज्यों में आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध कई राज्यों के शहरों में केस दर्ज हैं। इनमें वेस्ट बंगाल, पंजाब, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से डेबिट कार्ड, चेक बुक, कंप्यूटर, लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल, डॉलर परचेस इनवॉइस, वन टाइम पासकोड डिवाइस, यूपीआई स्कैनर अलग-अलग एड्रेस के आधार कार्ड जप्त हुए हैं।

### हांगकांग-थाईलैंड में 4-4 कंपनियों को भेजे जा रहे पैसे

आरोपियों द्वारा यूएस डॉलर के माध्यम से हांगकांग की 4 कंपनियों को पैसे भेजे जा रहे हैं, जिनमें हाइपरलिंक इंफोसिस्टम लिमिटेड, ब्लू ऑर्किड ग्लोबल, कंसाई इंटरनेशनल लिमिटेड एवं एमएस मॉर्निंग शामिल है। इसी प्रकार थाईलैंड की भी चार कंपनी एनआरआई सिस्टम टेक्नोलॉजी, परसौल प्रोसेस एंड टेक्नोलॉजी, ग्लोबल विजार्ड टेक्नोलॉजी एवं डाटा आर्ट टेक्नोलॉजी को पैसे भेजे जा रहे हैं। साइबर क्राइम को इन सभी कंपनियों के दस्तावेज मिले हैं। ये सभी कंपनियां वहीं संचालित हैं, जहां डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड एवं अन्य साइबर अपराधों से संबंधित आईपी की जानकारी मिली है।

### लुधियाना-दिल्ली की कंपनियों से भी जुड़े तार

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में लुधियाना और दिल्ली की कुछ कंपनियों की भी जानकारी मिली है। इन कंपनियों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

# आंबेडकर अस्पताल में अब सीनियर डॉक्टर करेंगे नाइट ड्यूटी

- मिलने वाली शिकायतों के बाद अस्पताल प्रबंधन कर रहा विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रात में आपात स्थिति में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के इलाज में लापरवाही की शिकायतें होने लगी हैं। इसे रोकने के लिए आंबेडकर अस्पताल में सीनियर डाक्टरों द्वारा रात्रि में राउंड लेने का सिस्टम लागू करने की तैयारी है। काफी समय पहले विभागाध्यक्ष और कंसलटेंट डाक्टरों की इसके लिए ड्यूटी लगाई जाती थी।

दोपहर दो बजे के बाद सरकारी अस्पतालों में आपात उपचार की व्यवस्था होती है। मरीजों की दिक्कत रात होने के बाद ज्यादा हो जाती है। शुक्र-शनिवार की दरम्यानी रात आपात स्थिति में आए मरीज को आंबेडकर अस्पताल में दो विभागों की खींचतान के कारण काफी देर तक ▶▶|शेष पेज 16 पर

### डाक्टरों का होगा मूल्यांकन

प्रदेश के तमाम शासकीय मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में सेवा देने वाले चिकित्सकों के काम का मूल्यांकन किया जाएगा। अब उनसे अस्पताल में की जाने वाले सर्जरी, विभाग में होने वाले लामा अथवा डामा के साथ इलाज के दौरान मरीजों की मृत्यु के संबंध में जानकारी ली जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी सभी चिकित्सकों का फरफारमेंस चेक करेंगे और डाक्टरों की जिम्मेदारी तय करेंगे।

निगम आयुक्त ने दो दिन पहले दिए निर्देश, मानिटरिंग कमजोर, धरातल पर उलट स्थिति

# ठंड ने कंपाया, निगम की नींद नहीं खुली, अलाव की व्यवस्था अभी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित कई इलाकों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात ही नहीं, दिन में भी ठिठुरन से लोग परेशान हैं। कामकाज के सिलसिले में बाहर-आने जाने वाले से लेकर ठेला, गुमटी, रिक्शा चलाने वाले फुटपाथ पर गुजर-बसरने करने वाले इससे खासे प्रभावित हैं। बसस्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी अस्पताल, बाजार और शहर के प्रमुख चौराहों पर कंपकंपाते लोगों को अलाव की जरूरत महसूस हो रही है। वहीं नगर निगम प्रशासन ने अब तक लोगों को ठंड से बचाने अलाव का प्रबंध करने तत्परता नहीं बरती। कुछ चुनिंदा जगहों पर अलाव की व्यवस्था हुई, पर वह लोगों की जरूरत हिसाब से नाकाफी है। आलम ये है निगम आयुक्त ने दो दिन पहले जोन आयुक्तों को अलाव के प्रबंध करने निर्देश दिए, जबकि यह काम ▶▶|शेष पेज 16 पर

- बसस्टैंड आमापारा बाजार, लाखे नगर चौक, पचपेड़ी नाका में भी शुरू नहीं हुआ अलाव




**यहां है अलाव की व्यवस्था :** जयस्तंभ चौक, नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास, जोन 8 क्षेत्र ।

### रेलवे स्टेशन, आंबेडकर अस्पताल के पास ठिठुर रहे लोग, अलाव नहीं

राजधानी के रेलवे स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में यात्री पहुंचते हैं, बाहर से आने वालों के लिए ठंड से राहत देने अलाव की व्यवस्था नहीं होने से स्टेशन से बाहर खुली जगह पर लोग कंपकंपाते रात बिताने विवश हैं। इसी तरह अंबेडकर अस्पताल और एम्स हास्पिटल के पास निगम ने अलाव की व्यवस्था नहीं कराई है। इससे गरीब व मध्यवर्गीय परिवार के लोग सर्द रात में कंपकंपाते रात गुजारते देखे जा सकते हैं।

### *जोन स्तर पर व्यवस्था*

*लोगों को शीत लहर से बचाने जोन स्तर पर अलाव की व्यवस्था करने निर्देश दिया गया है। लकड़ी और कंडे की व्यवस्था संबंधित जोन वाले करेंगे।*

*- विनोद पांडे*
*अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

### *शुष्क हवा और बढ़ाएगी ठंड कांप रहे शहर के लोग, बलरामपुर में जम रहा पाला*

*प्रदेश में आने वाली उत्तर-पूर्वी शुष्क हवा के प्रभाव से अगले तीन दिन ठंड और बढ़ने की उम्मीद है। राजधानी में ठंड के प्रभाव से लोग कांप रहे हैं और बलरामपुर सहित उत्तरी हिस्से में शीतलहर के हालात बने हुए हैं। वहां न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री पहुंचने की वजह से वहां पाला जम रहा है, जो फसलों के लिए नुकसान दायक हो सकता है। अंबिकापुर का तापमान भी 4.5 डिग्री तक नीचे जा चुका है।*
*राज्य में पिछले चार दिन से ठंड पड़ रही है और इसके अगले तीन दिन तक प्रभाव रहने की उम्मीद है। शुष्क हवा का असर इतना अधिक है कि रात के साथ दिन का तापमान भी सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन दिन तापमान में और गिरावट होगी, जो ठंड बढ़ाने की वजह बनेगी। अभी पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर की चपेट में है। सीमावर्ती इलाकों में तो स्थिति और खराब है।*

## मल्टीपरपस खेल स्टेडियम बनाने की थी योजना

# भैंसथान की जमीन पर खेल स्टेडियम को नहीं मिली मंजूरी, निगम ने 14 करोड़ का भेजा था प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के मल्टी परपस इंडोर स्टेडियम के प्रस्ताव को केन्द्र से मंजूरी नहीं मिली है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए निगम की ओर से भैंसथान की जमीन पर इंडोर स्टेडिमय बनाने का प्रस्ताव खेलो इंडिया के लिए भेजा गया, पर 14 करोड़ के इस प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है। प्रस्ताव स्वीकृत नहीं होने से यह काम अब अटक गया है। सूत्रों के मुताबिक बिलासपुर में मल्टीपरपस इंडोर स्टेडियम के लिए खेलो इंडिया की ओर से स्वीकृति मिली है। दरअसल, समता कालोनी स्थित नगर निगम की भैंसथान में खाली पड़ी जमीन पर सर्व सुविधा युक्त खेल मैदान बनाने के लिए खेलो इंडिया के तहत नगर निगम मुख्यालय से 14 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर ड्राइंग-डिजाइन व डीपीआर के साथ केन्द्र को स्वीकृति के लिए भेजा गया। इसमें प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर नगर निगम को फूटी कौड़ी खर्च करने की जरूरत नहीं थी। यही नहीं, इससे इंडोर गेम्स को बढ़ावा मिलता। केन्द्र की गाइड ▶▶|शेष पेज 16 पर

- ड्राइंग डिजाइन और डीपीआर तैयार कर केंद्र को गया था प्रस्ताव



खेलो इंडिया के तहत केंद्र से मिलेगी राशि
भैंसथान की जमीन पर अब इंडोर स्टेडियम का प्लान
नगर निगम को फूटी कौड़ी खर्च करने की जरूरत नहीं, इंडोर गेम्स को मिलेगा बढ़ावा

### ऐसा रहा प्रस्ताव

रायपुर शहर में अलग-अलग खेल विधाओं के लिए खेल स्टेडियम हैं, लेकिन यह मल्टीपरपज इंडोर स्टेडियम नगर निगम का पहला स्टेडियम होना था। इसके लिए करीब 14 करोड़ रुपए की राशि केन्द्र से मिलती। इस स्टेडियम में बास्केटबाल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और मार्शल आर्ट से जुड़े खेल आयोजित करने का प्रस्ताव था।

### सफाई और मेटनेंस करने मनोरंजन प्रयोजन के लिए किराये पर मैदान

समता कालोनी स्थित भैंसथान की खाली जमीन को एक अरसे बाद नगर निगम जोन 7 कमिश्नरी ने मनोरंजन के प्रयोजन के लिए मैदान की सफाई और मेटनेंस करने किराये पर दिया है। यहां 22 दिनों के लिए मीना बाजार लगाने की तैयारी है। अधिकारियों का कहना है कि मैदान खाली रहने से गंदगी फैलाने और भवन निर्माण सामग्री डंप होने की शिकायत रहती है। इसीलिए मेंटनेंस के लिए अस्थायी रूप से मैदान को किराये पर दिया गया है।





हरिभूमि
# सेहत भूमि

रायपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024

haribhoomi.com



## अनुभवी डॉक्टरों के साथ सम्पूर्ण परिवार की देखभाल

अनुभवी डॉक्टरों के साथ सम्पूर्ण परिवार की देखभाल का भरोसेमंद केंद्रस्वस्थ जीवन हर व्यक्ति का अधिकार है, और स्वस्थ परिवार सुखी समाज की नींव रखते हैं। एक ऐसा अस्पताल, जहां आपके पूरे परिवार के स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए, जहां हर बीमारी का सही इलाज मिले और जहां अनुभवी डॉक्टरों की टीम हो – ऐसा ही एक नाम है VY हॉस्पिटल, रायपुर। यह अस्पताल चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्टता, अत्याधुनिक तकनीक और मरीजों के प्रति समर्पित दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है।

सभी प्रकार के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्धVY हॉस्पिटल में विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, जो आपके परिवार के हर सदस्य की जरूरतों के अनुसार इलाज करते हैं। चाहे किसी को सामान्य सर्दी-खांसी हो, कोई पुरानी बीमारी हो, या फिर गंभीर सर्जिकल समस्या – यहां हर समस्या का समाधान है।

1. **जनरल फिजिशियन (सामान्य रोग विशेषज्ञ)**सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, संक्रमण, सर्दी-खांसी, डायबिटीज, और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं के लिए यहां अनुभवी जनरल फिजिशियन उपलब्ध हैं। वे आपकी दिनचर्या और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सही सलाह देते हैं।
2. **बाल रोग विशेषज्ञ (Pediatrician)** बच्चों का स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण होता है। VY हॉस्पिटल में विशेषज्ञ बाल रोग चिकित्सक बच्चों के विकास, पोषण, टीकाकरण और किसी भी बीमारी का सही इलाज करते हैं। बच्चों की देखभाल के लिए यहां विशेष सुविधाएं और आधुनिक उपकरण मौजूद हैं।
3. **स्त्री रोग विशेषज्ञ (Gynecologist)** महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित सभी समस्याओं के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ यहां मौजूद हैं। गर्भावस्था की देखभाल, प्रसव, माहवारी से संबंधित समस्याएं, या अन्य स्त्री रोगों का इलाज यहां कुशलता से किया जाता है।
4. **हड्डी रोग विशेषज्ञ (Orthopedic Surgeon)** हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं के लिए यहां अनुभवी हड्डी रोग विशेषज्ञ हैं। गठिया, फ्रैक्चर, स्पाइनल सर्जरी और घुटने की रिप्लेसमेंट जैसी सेवाएं यहां दी जाती हैं।
5. **दंत चिकित्सक (Dentist)** दांतों की देखभाल के लिए विशेष दंत चिकित्सक उपलब्ध हैं। दांतों के दर्द, कैविटी, मसूड़ों की समस्याएं और दांतों के सौंदर्य सुधार के लिए यहां आधुनिक उपचार किया जाता है।
6. **त्वचा रोग विशेषज्ञ (Dermatologist)** त्वचा से जुड़ी सभी समस्याओं जैसे एलर्जी, मुहांसे, दाग-धब्बे, बालों का झड़ना और सौंदर्य उपचार के लिए त्वचा रोग विशेषज्ञ यहां मौजूद हैं।
7. **सर्जरी विभागयहां जनरल सर्जरी,** लेप्रोस्कोपी सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी और अन्य जटिल सर्जिकल प्रक्रियाएं कुशल सर्जनों द्वारा की जाती हैं।

अनुभवी डॉक्टरों की टीमVY हॉस्पिटल का सबसे बड़ा लाभ यहां की अनुभवी डॉक्टरों की टीम है। हर डॉक्टर अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता रखता है और मरीजों के प्रति समर्पण की भावना से काम करता है। डॉक्टर न केवल बीमारी का इलाज करते हैं, बल्कि मरीजों को बीमारी से बचाव के उपाय भी बताते हैं।नर्सिंग और सहायक स्टाफअनुभवी नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल सहायक हर समय मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। अस्पताल में मरीजों की देखभाल का उच्च स्तर बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ काम करता है।

उन्नत तकनीकी सुविधाएंVY हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जैसे:

1. डायग्नोस्टिक लैब - सटीक जांच और रिपोर्ट के लिए अत्याधुनिक लैब।
2. इमेजिंग सेंटर – X-Ray, अल्ट्रासाउंड, MRI और CT स्कैन जैसी उन्नत सुविधाएं।
3. आईसीयू और इमरजेंसी केयर – गंभीर रोगियों के लिए उच्च स्तरीय देखभाल की सुविधा।

परिवार के लिए समग्र देखभाल VY हॉस्पिटल का उद्देश्य है कि आपके परिवार का हर सदस्य स्वस्थ और खुशहाल जीवन जिए। यहां एक ही छत के नीचे परिवार के सभी सदस्यों के लिए चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। चाहे बच्चा हो, बुजुर्ग हो, पुरुष हो या महिला – हर किसी की जरूरतों का ध्यान रखा जाता है।स्वास्थ्य जांच पैकेजनियमित स्वास्थ्य जांच आपके परिवार को बीमारियों से दूर रख सकती है। VY हॉस्पिटल में विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य जांच पैकेज उपलब्ध हैं, जिनमें ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, हार्ट चेकअप, और अन्य जांच शामिल हैं।

किफायती और सुलभ इलाज VY हॉस्पिटल में इलाज की गुणवत्ता के साथ-साथ इसकी किफायती दरों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां इलाज की कीमतें उचित हैं ताकि हर वर्ग के लोग इसका लाभ उठा सकें।इंश्योरेंस और कैशलेस सुविधायहां कई प्रमुख बीमा कंपनियों के साथ कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इससे मरीजों को आर्थिक रूप से राहत मिलती है।

आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता VY हॉस्पिटल का मिशन है –

"हर परिवार को स्वस्थ और खुशहाल बनाना।"

यहां के डॉक्टर और स्टाफ पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं।

आज ही VY हॉस्पिटल का दौरा करें और अपने परिवार के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी अनुभवी हाथों में सौंपें। क्योंकि स्वस्थ परिवार ही खुशहाल जीवन की नींव है।




Pre Accredited by NABH

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन, अमंगलहारी ॥

# अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा
# पूरे परिवार की देखभाल

किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीनों से कैंसर के उपचार सुविधा
अत्याधुनिक लेज़र पद्धति एवं मिनिमल इनवेसिव सर्जरी सुविधा



आयुष्मान भारत, बीजू स्वास्थ्य • कल्याण योजना (उड़ीसा) एवं सभी इंश्योरेंस • कंपनियों द्वारा केशलेस सुविधा

## विश्वस्तरीय सुविधाओं और उत्कृष्ट देखभाल के साथ

- जनरल सर्जरी, लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- हड्डी रोगों की चिकित्सा एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एण्ड गैस्ट्रो सर्जरी
- कैंसर रोग एवं सर्जरी
- इंटरनल मेडिसिन एवं इंटेन्सिव क्रिटिकल केयर
- मस्तिष्क रोग एवं मस्तिष्क रोग सर्जरी
- श्वसन एवं छाती रोग
- मूत्र रोग, किडनी एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी
- नाक, कान व गला रोग
- हृदय रोग एवं सर्जरी
- वेस्कुलर एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
- पेन (दर्द) प्रबंधन
- बर्न व प्लास्टिक सर्जरी
- दंत रोग एवं मेक्सिलोफेशियल सर्जरी
- स्त्री रोग
- चर्म रोग

AdPRAYAS



वीवाय साईरिसा कैंसर केयर सेंटर
रेडिएशन थेरेपी, कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरैपी, टारगेट थेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, पैलिएटिव केयर, न्यूट्रिशनल थेरेपी

वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
छत्तीसगढ़ का विश्वसनीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
कमल विहार रायपुर (छ.ग.)
0771-4622222, 7225024301, 7225024302 हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital.in vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur



हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024
haribhoomi.com



## संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटलः कैंसर के अत्याधुनिक इलाज के लिए एक समर्पित केंद्र

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो केवल रोगी को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार को भी शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से प्रभावित करती है। समय के साथ चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति ने कैंसर के इलाज को अधिक प्रभावी बनाया है। संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल, रायपुर, ऐसे ही अत्याधुनिक तकनीकों और उपचार पद्धतियों के साथ मरीजों की सेवा कर रहा है। यह हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ के मरीजों को विश्वस्तरीय कैंसर ट्रीटमेंट मुहैया कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

### अत्याधुनिक कैंसर उपचार की सेवाएं

**संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल कैंसर के निदान और इलाज के लिए विभिन्न अत्याधुनिक उपचार पद्धतियों की सुविधा प्रदान करता है, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं:**

**1. कीमोथेरेपी (Chemotherapy)**

कीमोथेरेपी कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक महत्वपूर्ण उपचार पद्धति है। संजीवनी CBCC में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कीमोथेरेपी यूनिट है, जहां अनुभवी डॉक्टरों और नर्सों की टीम मरीजों की देखभाल करती है। यहां कीमोथेरेपी के दौरान मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाता है।

**2. इम्यूनोथेरेपी (Immunotherapy)**

इम्यूनोथेरेपी एक उभरता हुआ उपचार है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में सक्षम बनाया जाता है। संजीवनी CBCC में इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञ मौजूद हैं, जो सही मरीज के लिए सही प्रकार की इम्यूनोथेरेपी निर्धारित करते हैं। यह उपचार विशेष रूप से लंग कैंसर, ब्लड कैंसर और अन्य जटिल प्रकार के कैंसर में अत्यंत प्रभावी है।

**3. बोन मैरो ट्रांसप्लांट (Bone Marrow Transplant)**

बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक जटिल प्रक्रिया है, जो ब्लड कैंसर और अन्य संबंधित बीमारियों के इलाज में कारगर साबित होती है। संजीवनी CBCC में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा अनुभवी डॉक्टरों और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ उपलब्ध है। यहां संक्रमण से बचाव के लिए विशेष स्वच्छता मानकों का पालन किया जाता है, ताकि मरीज को सुरक्षित और प्रभावी उपचार मिल सके।

**4. पैलिएटिव केयर (Palliative Care)**

कैंसर के अंतिम चरण में मरीज को राहत प्रदान करने के लिए पैलिएटिव केयर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संजीवनी CBCC हॉस्पिटल में मरीजों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक राहत देने के लिए समर्पित टीम कार्यरत है। यहां न केवल मरीज बल्कि उनके परिवार के सदस्यों को भी सही मार्गदर्शन और मानसिक सहारा प्रदान किया जाता है।



### अनुभवी डॉक्टर्स और चिकित्सा टीम

संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल में अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ, ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जन और नर्सिंग स्टाफ मौजूद हैं। इनकी विशेषज्ञता और समर्पण के कारण मरीजों को हर कदम पर सही मार्गदर्शन और इलाज मिलता है। यहां के डॉक्टर्स कैंसर के हर प्रकार के इलाज में माहिर हैं, चाहे वह सर्जरी हो, रेडिएशन थेरेपी हो, या फिर अन्य किसी प्रकार की आधुनिक चिकित्सा पद्धति।

### उन्नत तकनीकी और सुविधाएं

संजीवनी CBCC में अत्याधुनिक मशीनें, जैसे कि हाई-एंड MRI, CT स्कैन, PET स्कैन और लैब परीक्षण की नवीनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं। कैंसर के सटीक निदान के लिए ये सभी तकनीकी उपकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### रोगी-केन्द्रित दृष्टिकोण

संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल मरीजों की देखभाल में पूरी तरह से समर्पित है। यहां मरीज की शारीरिक जरूरतों के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक जरूरतों को भी ध्यान में रखा जाता है। हॉस्पिटल का वातावरण मरीजों के लिए आरामदायक और तनावमुक्त बनाया गया है, ताकि वे जल्दी स्वस्थ हो सकें।

### परिवार के लिए जागरूकता कार्यक्रम

हॉस्पिटल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है। परिवार और समाज के लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, जांच, और समय पर इलाज के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है।

### सुलभ स्थान और किफायती इलाज

रायपुर में स्थित संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल आसानी से सुलभ है और यहां कैंसर का इलाज किफायती दरों पर उपलब्ध है। मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार मिल सके, इसके लिए हॉस्पिटल की टीम निरंतर प्रयासरत है।



### क्यों चुनें संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल?

1. **संपूर्ण कैंसर उपचारः** कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और पैलिएटिव केयर की सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं।
2. **अनुभवी विशेषज्ञः** विशेषज्ञ डॉक्टर्स और प्रशिक्षित मेडिकल टीम।
3. **उन्नत तकनीकी उपकरणः** सटीक निदान और प्रभावी इलाज के लिए अत्याधुनिक उपकरण।
4. **रोगी-केन्द्रित सेवाः** मरीजों और उनके परिवार की देखभाल में संपूर्ण समर्पण।
5. **किफायती इलाजः** उच्च गुणवत्ता का इलाज किफायती दरों पर।

### निष्कर्ष-

संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल रायपुर, कैंसर के आधुनिक उपचार और देखभाल के लिए एक विश्वसनीय नाम है। यदि आप या आपका कोई प्रियजन कैंसर से जूझ रहा है, तो यहां पर उचित और समय पर इलाज की सुविधा सुनिश्चित की जाती है। संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल में विश्वास करें और स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम बढ़ाएं।



## मूत्र संबंधी समस्या है तो शर्माएं नहीं, इलाज कराएं:-

अगर आपको मूत्र से संबंधित समस्या है तो शर्माए नहीं, बल्कि तत्काल इलाज कराएं। इसका असर सीधे किडनी पर पड़ सकता है, जो जानलेवा साबित हो सकता है। यह बातें वी केयर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तुषार दानी ने एक मुलाकात में हमारे प्रतिनिधि से कही।

डॉ. दानी ने बताया कि 50 वर्ष की उम्र के बाद महिला व पुरुषों में - बार-बार लघुशंका की शिकायतें शुरू हो जाती है। इसके बाद यह बीमारी लगातार बढ़ती जाती है। इसका मुख्य कारण है इंफेक्शन, महिलाओं में मासिक बंद होने के बाद हार्मोन में परिवर्तन, गलत खान-पान एवं मधुमेह। इस बीमारी से करीब 50 फीसदी पुरुष, 60 फीसदी महिला व बिस्तर पर पेशाब करने वाले 15 फीसदी बच्चे प्रभावित हैं। डॉ. तुषार दानी से बातचीत के प्रमुख अंश।

मूत्र संबंधी समस्याएं: सावधानी और समाधानआजकल बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण मूत्र संबंधी समस्याएं आम होती जा रही हैं। ऐसे में पुरुषों और महिलाओं दोनों में ये समस्याएं कई जटिलताओं को जन्म दे सकती हैं। मूत्र संबंधी समस्याओं की पहचान, उनके कारण और सावधानियां समय पर जानना बेहद ज़रूरी है।

### मूत्र संबंधी समस्याओं के प्रकार:-

1. मूत्र मार्ग में संक्रमण (यूटीआई): यह संक्रमण तब होता है जब बैक्टीरिया मूत्राशय या मूत्रमार्ग में पहुंच जाते हैं। महिलाओं में ये संक्रमण अधिक आम है। इसके लक्षणों में पेशाब करते समय जलन, बार-बार पेशाब आना और पेट के निचले हिस्से में दर्द शामिल हैं।



2. पथरी (किडनी स्टोन): मूत्र में अधिक कैल्शियम या अन्य खनिजों की मात्रा बढ़ जाने से पथरी बन जाती है। यह मूत्र प्रवाह में रुकावट पैदा कर सकती है। इसके लक्षणों में कमर या पेट में तेज दर्द, पेशाब में खून आना और मतली शामिल हैं।

3. प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना (BPH): पुरुषों में उम्र बढ़ने के साथ प्रोस्टेट ग्रंथि का आकार बढ़ सकता है, जिससे पेशाब करने में कठिनाई होती है। इसके लक्षणों में बार-बार पेशाब लगना, पेशाब धीमी गति से आना और अधूरा मूत्रत्याग का एहसास शामिल है।

4. अधूरा मूत्रत्याग: इसमें मूत्राशय पूरी तरह से खाली नहीं हो पाता, जिससे बार-बार पेशाब आता है और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

### मूत्र संबंधी समस्याओं के प्रमुख कारण:-

1. खराब जल सेवन:- पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से मूत्र में संक्रमण या पथरी होने का खतरा बढ़ता है।

2. संक्रमण:- अस्वच्छता के कारण बैक्टीरियल इंफेक्शन हो सकता है, खासकर महिलाओं में।

3. मधुमेह:- शुगर के मरीजों में मूत्र संबंधी संक्रमण का खतरा अधिक रहता है।4. अधिक देर तक मूत्र रोकना:पेशाब को लंबे समय तक रोकने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

5. जीवनशैली और आहार:- मसालेदार और तली-भुनी चीजें अधिक खाने से मूत्र संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### सावधानियां और समाधान:-

1. पर्याप्त पानी पिएं:- हर दिन कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। पानी ज्यादा पीने से शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं।

2. व्यक्तिगत स्वच्छता:- खासकर महिलाओं को शौच के बाद आगे से पीछे की ओर साफ करना चाहिए ताकि बैक्टीरिया मूत्रमार्ग में न जाएं।

3. खान-पान में बदलाव:- अधिक तैलीय और मसालेदार भोजन से परहेज करें। फलों और हरी सब्जियों का सेवन बढ़ाएं।

4. नियमित जांच:- अगर मूत्र संबंधी समस्या बार-बार हो रही है, तो डॉक्टर से नियमित जांच कराएं।की जरूरत है।

5. मूत्र को न रोकें:- पेशाब की इच्छा होते ही तुरंत शौचालय जाएं।

6. योग और व्यायाम:- योगासन, जैसे भुजंगासन और पवनमुक्तासन, मूत्राशय और किडनी की सेहत के लिए फायदेमंद हैं।चिकित्सकीय सलाह कब लें?अगर पेशाब में खून आ रहा हो।लगातार दर्द हो या बुखार महसूस हो।पेशाब करते समय तेज जलन हो। अधूरा मूत्रत्याग महसूस हो।मूत्र संबंधी समस्याओं को नज़रअंदाज न करें। सही समय पर सावधानी और उपचार से आप गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं।



डॉ. तुषार दानी
मूत्र रोग विशेषज्ञ

सवाल - बच्चा विस्तर पर पेशाब कर देता है।

जवाब- 6 वर्ष की उम्र के बाद बच्चा अगर विस्तर पर पेशाब करता है तो किसी यूरोलॉजिस्ट से मिलकर सलाह लें। इसके कई कारण हो सकते हैं।

सवाल - पेशाब जल्दी-जल्दी होता है।

जवाब- 50 वर्ष की उम्र से पहले अगर इस तरह की समस्या होती है तो तत्काल किसी मूत्र रोग विशेषज्ञ से मिलकर सलाह लेना चाहिए।

सवाल - बेटा बिस्तर पर पेशाब कर देता है।

जवाब - पेशाब की जांच व अल्ट्रासाउंड कराने के बाद ही पता चल सकेगा। बेहतर होगा कि आप किसी मूत्र रोग विशेषज्ञ से मिलकर सलाह लें।

सवाल - लिंग में दर्द होता है, विशेषज्ञ से दिखाएं। मेरा लड़का पानी पीने के बाद तुरंत पेशाब करने जाता है।

जवाब - यह कोई बीमारी नहीं है। हां, लेकिन ध्यान देने की जरूरत है। कुछ बच्चों की आदत होती है, उसे सुधारने

सवाल - पेशाब में झाग आता है।

जवाब - प्रोटीन एवं इंफेक्शन से ऐसा हो सकता है। हालांकि, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। अगर अधिक मात्रा में झाग निकल रहा है तो अल्ट्रासाउंड के साथ किसी चिकित्सक से दिखाएं।

सवाल - एक साल से पेशाब में जलन होता है।

जवाब - पेशाब की नली में सूजन या सिकुड़ने के कारण इस तरह की परेशानी होती है। आप तत्काल जांच करवाएं।

सवाल - रात भर पेशाब होने के कारण सो नहीं पाते।

जवाब - चिकित्सक से दिखाएं।

सवाल - लड़का रात में बिस्तर पर पेशाब कर देता है।

जवाब - आप किसी मूत्र रोग विशेषज्ञ से मिलकर सलाह लें। क्योंकि छह वर्ष के बाद बच्चा अगर बिस्तर पर पेशाब करता है तो वह अच्छा नहीं माना जाता।

सवाल - पेशाब जल्दी-जल्दी होता है। इसके कारण बाहर निकलने के लिए भी सोचना पड़ता है।

जवाब - दवा और तरल पदार्थ की मात्रा नियंत्रित करने से इसका निराकरण हो सकता है।

सवाल - बार-बार पेशाब करने जाना पड़ता है।

जवाब - पेशाब थैली के संकुचन एवं परिवर्तन की वजह से ऐसा हो सकता है।

सवाल - दिनभर में कितना लीटर पानी पीना चाहिए।

जवाब - 1.5 लीटर से लेकर 3 लीटर तक प्रति व्यक्ति को पानी पीना चाहिए।

सवाल - पेशाब पीला हो रहा है।

जवाब - पानी पीने की मात्रा बढ़ाए। इसके बाद भी ठीक नहीं होने से किसी चिकित्सक से दिखाएं। विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें-

डॉ. तुषार दानी, मूत्र रोग विशेषज्ञ



## बालों के झड़ने का समाधान एवं देख-भाल :-

बालों के झड़ने का समाधान, आत्मविश्वास लौटाने का वादाबालों का झड़ना आज के समय में एक गंभीर समस्या बन चुका है, जो न केवल आपकी खूबसूरती को प्रभावित करता है बल्कि आत्मविश्वास को भी कम कर देता है। लेकिन अब घबराने की जरूरत नहीं है! हेयर एंड केयर, रायपुर आपके लिए लेकर आया है अत्याधुनिक हेयर रिप्लेसमेंट सेवाएं, जो आपके बालों की खूबसूरती और आत्मविश्वास को वापस लाने में मददगार साबित होंगी।

हेयर रिप्लेसमेंट: बालों की नई दुनियाहेयर एंड केयर, रायपुर में हेयर रिप्लेसमेंट के लिए अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों की टीम मौजूद है। यह प्रक्रिया उन लोगों के लिए एक वरदान है जो बालों के पतलेपन, गंजेपन या अन्य बालों से संबंधित समस्याओं से परेशान हैं। यहां बिना किसी साइड इफेक्ट के प्राकृतिक दिखने वाले बालों को पुनः पाया जा सकता है।हेयर रिप्लेसमेंट के प्रमुख लाभः

1. नेचुरल लुकः- आपके बालों की रंगत और बनावट से मेल खाते प्राकृतिक दिखने वाले बाल।2. पेन-फ्री प्रक्रियाः बिना किसी दर्द के आसानी से किया जाने वाला उपचार।

3. किफायती समाधानः- बालों के झड़ने की समस्या का स्थायी और किफायती इलाज।

4. फास्ट रिजल्ट्सः- कम समय में शानदार परिणाम।---क्यों चुनें हेयर एंड केयर, रायपुर?

1. अनुभवी विशेषज्ञों की टीमः- हेयर एंड केयर में प्रशिक्षित विशेषज्ञ आपकी हेयर रिप्लेसमेंट प्रक्रिया को सुरक्षित और प्रभावी बनाते हैं।


2. नवीनतम तकनीकः यहां आधुनिक तकनीकों और उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है ताकि आपको बेहतरीन परिणाम मिल सकें।

3. व्यक्तिगत परामर्शः हर व्यक्ति की समस्या अलग होती है। यहां प्रत्येक ग्राहक को उनकी जरूरत के हिसाब से समाधान प्रदान किया जाता है।

4. हाईजीनिक और सुरक्षित माहौलः स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए सेवाएं दी जाती हैं।

5. अविश्वसनीय ग्राहक संतुष्टिः सैकड़ों खुशहाल ग्राहक जो अपनी खोई हुई मुस्कान और आत्मविश्वास को फिर से पा चुके हैं।

किन समस्याओं के लिए है हेयर रिप्लेसमेंट? आंशिक गंजापनपूरे सिर पर गंजापनबालों का असमय झड़नाकेमिकल या मेडिकल ट्रीटमेंट से हुए नुकसानहेयर एंड केयर में इन सभी समस्याओं का समाधान मौजूद है। चाहे आप पुरुष हों या महिला, यहां हर किसी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हेयर रिप्लेसमेंट की सेवाएं दी जाती हैं।



सेलिब्रिटी जैसा लुक पाएंआजकल हेयर रिप्लेसमेंट तकनीक का उपयोग सेलिब्रिटी और मॉडल्स भी करते हैं। अब आप भी सेलिब्रिटी जैसा लुक पा सकते हैं, वह भी बिना किसी परेशानी के। हेयर एंड केयर, रायपुर में दी जाने वाली सेवाएं न केवल आपके बालों को सुंदर बनाती हैं बल्कि आपको एक नया आत्मविश्वास भी प्रदान करती हैं।---हमारी सेवाएंः1. हेयर विग्स और पैचेस2. नॉन-सर्जिकल हेयर रिप्लेसमेंट3. मॉडर्न हेयर सिस्टम डिजाइन4. बढ़िया क्वालिटी का हेयर फाइबर---अपना आत्मविश्वास फिर से पाएंबाल केवल आपकी खूबसूरती का हिस्सा नहीं हैं, ये आपके आत्मविश्वास का भी प्रतीक होते हैं। हेयर एंड केयर, रायपुर का लक्ष्य है कि आप फिर से पूरी आत्मविश्वास के साथ अपनी जिंदगी जिएं। अब बालों की चिंता छोड़कर, अपनी मुस्कान और आत्मविश्वास को वापस पाएं।पताः हेयर एंड केयर, रायपुरकॉन्टैक्टः [फोन नंबर/ईमेल]आज ही संपर्क करें और बालों की नई दुनिया की ओर कदम बढ़ाएं!

## देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल एवं मातृत्व फर्टिलिटी सेंटरः-

सम्पूर्ण स्वास्थ्य और मातृत्व का विश्वासरायपुर में स्थित देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल एवं मातृत्व फर्टिलिटी सेंटर एक अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र है, जो सर्जिकल, प्रसूति, इनफर्टिलिटी, लेप्रोस्कॉपी और जनरल सर्जरी जैसी सेवाओं में उत्कृष्टता प्रदान करता है। यहां मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाती हैं। अनुभवी डॉक्टर्स, आधुनिक उपकरण, और समर्पित स्टाफ के साथ यह हॉस्पिटल हर मरीज को व्यक्तिगत देखभाल और इलाज की गारंटी देता है।---प्रसूति एवं मातृत्व सेवाएंदेवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी सभी जरूरतों का ख्याल रखा जाता है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं के लिए यहां प्रसव पूर्व और प्रसव बाद की देखभाल का व्यापक प्रबंधन किया जाता है। यहां नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन सेक्शन (C-Section), और जटिल प्रसव का सफलतापूर्वक संचालन किया जाता है। गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा और आराम का विशेष ध्यान रखते हुए समग्र देखभाल प्रदान की जाती है।यहां माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है। अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीकों के साथ-साथ अनुभवी स्त्रीरोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) की टीम मौजूद है, जो गर्भावस्था के दौरान किसी भी जटिलता से निपटने में सक्षम है।---इनफर्टिलिटी (बांझपन) उपचारबांझपन की समस्या से जूझ रहे दंपतियों के लिए देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में फर्टिलिटी उपचार की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं। आधुनिक तकनीकों और विशेष परीक्षणों के माध्यम से बांझपन के कारणों का पता लगाकर सही उपचार दिया जाता है। यहां IVF (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन), IUI (इन्ट्रा यूटेराइन इंसेमिनेशन) जैसी अत्याधुनिक फर्टिलिटी तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है।यहां के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रत्येक मरीज को भावनात्मक और मानसिक समर्थन के साथ-साथ सटीक चिकित्सा परामर्श देते हैं। अस्पताल का उद्देश्य हर दंपति को संतान सुख दिलाना है।



एडवांस लेप्रोस्कॉपी सर्जरीदेवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में एडवांस लेप्रोस्कॉपी सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। लेप्रोस्कॉपी एक ऐसी सर्जरी पद्धति है जिसमें छोटे चीरे लगाकर सर्जिकल प्रक्रियाएं की जाती हैं। इस तकनीक से मरीज को कम दर्द, कम रक्तस्राव और जल्दी स्वस्थ होने का लाभ मिलता है।यहां की विशेषज्ञ टीम द्वारा गॉल ब्लैडर सर्जरी, अपेंडिक्स सर्जरी, हर्निया सर्जरी, यूटेरस सर्जरी जैसी विभिन्न लेप्रोस्कोपिक सर्जरी अत्यंत सफलतापूर्वक की जाती हैं।

जनरल सर्जरी की सेवाएंदेवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में जनरल सर्जरी के लिए अनुभवी सर्जन और आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां पाइल्स, फिस्टुला, फिशर, हर्निया, थायरॉइड सर्जरी जैसे विभिन्न प्रकार के सर्जिकल उपचार किए जाते हैं। मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता और उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी सर्जिकल प्रक्रियाएं की जाती हैं।

विशेषताएं और सुविधाएंः-

1. अनुभवी डॉक्टर्स और सर्जनः विशेषज्ञों की टीम हर मरीज का संपूर्ण ध्यान रखती है।2. अत्याधुनिक उपकरणः सटीक निदान और इलाज के लिए नवीनतम तकनीकी सुविधाएं।

3. व्यक्तिगत देखभालः- प्रत्येक मरीज को समर्पित और व्यक्तिगत देखभाल।

4. सुरक्षित वातावरणः- स्वच्छ और रोगमुक्त वातावरण।

5. किफायती इलाजः- गुणवत्तापूर्ण सेवाएं किफायती दरों पर निष्कर्षदेवी लक्ष्मी हॉस्पिटल एवं मातृत्व फर्टिलिटी सेंटर महिलाओं के स्वास्थ्य, प्रसूति, इनफर्टिलिटी और सर्जरी के लिए रायपुर में एक विश्वसनीय नाम है। यहां का समर्पित स्टाफ और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं हर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं।यहां हर मरीज को न केवल इलाज बल्कि विश्वास और सुकून मिलता है।

